卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 157 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦14 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# ताली-थाली बजाकर निकाला जुलूस

## दुकानें बचाने को व्यापारियों का आंदोलन जारी, चौथे दिन भी बंद रही दुकानें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मार्ग चौड़ीकरण तथा जी 20 के विदेशी मेहमानों को खुश करने के नाम पर सैकड़ों व्यापारियों को उजाड़ने में जुटे प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ अपना आंदोलन चौथे दिन भी जारी रखते हुए राममनोहर लोहिया एवं नेहरू मार्केट के दुकानदारों ने अपना कारोबार बंद रख जोरदार धरना प्रदर्शन किया। सैकड़ों व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा तथा राममनोहर लोहिया मार्केट एसोसिएशन अध्यक्ष आशू ग्रोवर के नेतृत्व में थाली ताली बजाते हुए प्रशन के विरुद्ध नारेबाजी करते नगर के बाजार क्षेत्र में विशाल जुलूस निकाला। इससे पूर्व सैकड़ों व्यापारी लोहिया मार्केट में एकत्रित हुए। जहां आयोजित सभा को संबोधित करते व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा तथा राममनोहर लोहिया मार्केट एसोसिएशन अध्यक्ष आशू ग्रोवर ने कहा कि अपना रोजगार बचाने के लिए व्यापारी किसी भी हद तक अपना आंदोलन आगे ले जाने के लिए तैयार हैं। अधिकारी एक सोची समझी योजना के तहत मुख्य मार्ग के दोनों ओर पिछले कई दशकों से रोजगार कर रहे व्यापारियों को उजाड़ने की मंशा पर कार्य कर रहे हैं। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एकजुटता से ही इस लड़ाई को जीता जा सकता है। पहले व्यापारियों ने कोरोना से बचने के लिए अपने कारोबार बंद किए थे। अब व्यापारी कारोबार बंद कर अपनी दुकानें बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। श्री जुनेजा व श्री ग्रोवर ने कहा कि व्यापारियों की ही जीत होगी इसके लिए सामूहिक संघर्ष जारी रखना होगा। सभा को ने कई व्यापारियों ने भी संबोधित किया। सभा के बाद सैकड़ों व्यापारी थाली ताली बजाते हुए प्रशासन की खिलाफ नारेबाजी कर जुलूस की शक्ल में रवाना हुए। जुलूस लोहिया मार्केट से प्रारंभ होकर डी डी चौक, अग्रसेन चौक, बाटा चौक, मुख्य बाजार, भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी, पांच मंदिर, विद्धवानी मार्केट आदि मार्गों से होकर गुजरते हुए वापस लोहिया मार्केट धरना स्थल पर समाप्त हुआ। जहां व्यापारियों ने धरना जारी रखा और धरना स्थल पर बालाजी के भजन गाकर प्रशासन को सदबुद्धि देने की कामना की गयी। इस दौरान सुरेंद्र तनेजा, इंद्रजीत सिंह, अनमोल खुराना, बल्देव राज ग्रोवर, अमरजीत सिंह, नंद किशोर, श्याम धींगरा, दीपक धींगरा, मोइनुद्दीन, हरीश आहूजा,तिलकराज, अश्वनी कुमार, इदरीस, सुरेंद्र सिंह, शैलेन्द्र ग्रोवर, अनिल तनेजा, अजय कक्कड़, हरजीत सिंह, मनीष कालड़ा, विनोद ठुकराल, हर्ष रावल, विक्की रावल, हरीश पिन्नी, अनिल कक्कड़,राजा मदान, रमेश कालड़ा, प्रताप (शेष पृष्ठ सात पर)




## रूद्रपुर में कल मशाल जुलूस निकालेंगे व्यापारी

रूद्रपुर।आंदोलित राममनोहर लोहिया मार्केट के व्यापारियो ने कल 15 मार्च को सायं मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया है। धरना स्थल पर इस आशय की घोषणा करते व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा व राममनोहर लोहिया मार्केट एसोसि एशन के अध्यक्ष आशू ग्रोवर ने बताया कि कल सायं 6 बजे धरना स्थल से व्यापारी मशाल जुलूस निकालेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का यह संघर्ष लोकतांत्रिक व शांतिपूर्ण संचालित किया जा रहा है। इसका किसी भी राजनैतिक दल को लाभ उठाने नहीं दिया जायेगा।

# सदन में हंगामा काटने पर कांग्रेस विधायकों को किया निलंबित

भराड़ीसैंण (उद संवाददाता)। बजट सत्र के दूसरे दिन भी विपक्ष के तेवर तल्ख नजर आये। कांग्रेस ने सबसे पहले बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। सदन के भीतर कांग्रेसियों के जोरदार हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सभी कांग्रेस विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया। इससे इससे पहले कांग्रेस विधायकों ने गन्ने का बकाया मूल्य भुगतान की मांग को लेकर हाथों में गन्ना लेकर प्रदर्शन किया। सदन के भीतर कांग्रेस विधायकों ने आज आक्रामक तेवर दिखाये। सबसे पहले बेरोजगारी का मुद्दा उठाया गया। इसके बाद विशेषाधिकार हनन के मामले में विधायकों ने हंगामा खड़ा कर दिया। कांग्रेस विधायकों ने जसपुर विधायक आदेश चौहान के मामले में विशेषाधिकार हनन का मुद्दा उठाते हुए जोरदार हंगामा किया। कांग्रेसी विधायक सदन में हंगामा करते हुए स्पीकर के सामने टेबल पर चढ़ गये। इससे पहले कांग्रेस विधायकों ने कागज के गोले बनाकर फैंके। कांग्रेस विधायकों की बढ़ती अराजकता को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सख्ती दिखाते हुए सभी कांग्रेस (शेष पृष्ठ सात पर)



# संदिग्ध हालातों मे युवक की मौत

## प्रेमिका को दी थी आत्म हत्या की धमकी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा मोहल्ले में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी, युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक रम्पुरा मोहल्ले में नरेश के पुत्र शिवा की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी,खबर मिलते ही कोतवाल विक्रम राठौर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे, उन्होंने पंचनामा भरकर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा की युवक का मोहल्ले में ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, दोनों आपस में शादी करना चहाते थे, लेकिन युवती के घर वाले राजी नहीं थे, जिसपर युवती ने भी शादी से इंकार कर दिया। बताया जा रहा है कि सोमवार की रात युवक ने युवती को फोन करके शादी न करने पर आत्म हत्या की धमकी देने के बाद फोन बंद कर लिया। युवक के (शेष पृष्ठ सात पर)

# वीरांगना की हत्या, जेवर लूटे

टनकपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार को हाईवे किनारे 83 वर्षीय वीरांगना का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव शहर से दो किलोमीटर दूर हाईवे के किनारे विचई गांव के पास मिला। मृतका के सोने के आभूषण गायब होने और कान में कुंडल नोचने के निशान से हत्या की अशंका जताई जा रही है। सूचना पर सीओ अविनाश वर्मा, कोतवाल चंद्रमोहन सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एसएसबी की डॉग स्क्वॉड बुलाकर घटना स्थल की जांच कराई। जानकारी के अनुसार, विचई निवासी विरांगना भागीरथी देवी पत्नी स्व. गोपी चंद सुबह हाईवे किनारे घर से करीब 500 मीटर दूर संदिग्ध अवस्था में मृत पड़ी मिलीं। पड़ोस में बटाई में खेती करने वाले माली परमानंद ने उनका शव पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत आस पड़ोस के लोगों को इसकी सूचना दी। पता चलते ही मृतका के परिजन और गांव के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर लग लग गई। मृतका के पुत्र का परिवार देहरादून रहता है। वह यहां घर के अकेली रहती थी। (शेष पृष्ठ सात पर)



# वन विभाग ने वाहन में पकड़ा अवैध तारपीन तेल,वार्निश और बिरौंजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वन विभाग के सचल दस्ते ने एक संदिग्ध वाहन का पीछा कर उसमे तारपीन तेल, वर्निश व बिरौंजा से भरे हुए कुल 55 ड्रम बरामद किए। वाहन चालक मौके से भागने में कामयाब हो गया। जानकारी के अनुसार प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी संदीप कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी, गौला, अनिल कुमार जोशी के निर्देशानुसार अवैध पातन, अवैध खनन, अवैध शिकार एवं अन्य वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत् प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी, सुरक्षा दल प्रमोद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में गौला रेंज व सुरक्षा दल की संयुक्त टीम गत रात्रि गौला नदी क्षेत्र का गश्त करते हुए शीशमहल गेट से काठगोदाम के पास पहुंचे ही थे तभी टीम को मध्य रात्रि एक वाहन संख्या यूके 04 सीसी 2184 तिरपाल लगा हुआ तेजी से हल्द्वानी की ओर आते हुए दिखाई दिया। टीम द्वारा उक्त वाहन को जांच हेतु रूकने का ईशारा किया गया परन्तु वाहन चालक (शेष पृष्ठ सात पर)



# ट्रक और कार की भिड़ंत में चार श्रद्धालु घायल

भवाली(उद संवाददाता)। कैंची धाम के पास मोड़ पर कार से कैंची धाम दर्शन को आ रहे श्रद्धालुओं की कार और ट्रक की भिड़ंत हो गयी जिसमें चार लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार कैंची धाम जा रहे श्रद्धालुओं की कार संख्या यूपी 32एमएल 5091 की ट्रक संख्या यूके 04टीबी 9602 के साथ जबरदस्त टक्कर हो गई। जिससे कार मौके पर ही रोड में पलट गई। हादसे में कार सवार अमाश जायसवाल , गर्व पांडे, सुनीता पांडे, निशी गुप्ता निवासीगण लखनऊ उत्तर प्रदेश गंभीर रूप से घायल हो (शेष पृष्ठ सात पर)



# गुलदार की खाल के साथ तस्कर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसओजी और पुलिस ने एक तस्कर को गुलदार की खाल के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर गुलदार की खोल को बेचने के लिए गुजरात ले जा रहा था। एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया कि सोमवार देर शाम मुखबिर की सूचना पर चोरगलिया पुलिस व एसओजी जसपुर खोलिया गांव में पहुंची। इस दौरान कंधे पर बैग टांगकर आ रहे एक युवक को पकड़ा। बैग की तलाशी लेने पर गुलदार की खाल बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम कालीपुर पोखरिया, चोरगलिया निवासी सूरज कुमार बताया। बताया कि गुलदार कुछ माह पहले पास के ही एक जंगल में मांस में जहर रखकर मारा। इसके बाद खाल निकालकर छुपाकर रख ली थी। वह सूरत गुजरात में मजदूरी करता है। इसलिए खाल को बेचने के लिए चोरी छिपे सूरज गुजरात जा रहा था। पुलिस ने खाल पकड़ने के बाद वन दारोगा विनोद कुमार जोशी को मौके पर बुलाया। निरीक्षण करने पर खाल की लंबाई 165 सेमी पाई गई। जबकि हाइट 57 सेमी निकली। (शेष पृष्ठ सात पर)

# नेपाली मजदूरों को नशीला पदार्थ खिलाकर लूटने वाला गिरफ्तार

लालकुआं(उद संवाददाता)। दो नेपाली मजदूरों को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर, नगदी अैर मोबाइल लूटने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लूटी गयी नगदी और मोबाइल भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार वीर बहादुर देवकोटा पुत्र सतवीर देवकोटा निवासी ग्राम क्योरा भवाली मूल निवासी ग्राम व थाना वरदिया नेपाल ने कोतवाली लालकुआं में तहरीर देकर बताया था कि बीती 9 मार्च 2023 को अज्ञात व्यक्ति जो कि नेपाल राष्ट्र (शेष पृष्ठ सात पर)



# कांग्रेस ने किया भराड़ीसैंण कूच, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित कई नेता चोटिल

## पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भराड़ीसैण(उद संवाददाता)। ग्रीष्म कालीन राजधानी गैरसैण में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी का नाम उजागर करने, उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच कराने, बेरोजगारों पर हुए लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच करने समेत कई मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भराड़ीसैंण कूच किया। वे जंगलचट्टी में लगी बैरिकेडिंग तोड़ते हुए दिवालीखाल बाजार पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया। इस दौरान कांग्रेसियों की पुलिस से धक्कामुक्की और नोकझोंक हुई। वे यहां से भी बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करने लगे जिसमें कई कार्यकर्ता चोटिल हो गए। इसके बाद पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रदेश महिला अध्यक्ष रश्मि समेत कई कांग्रेस नेता धरने पर बैठ गए। इसके बाद पुलिस ने हरीश रावत, प्रदीप टम्टा समेत करीब 100 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर अस्थायी जेल भेज दिया। गौतम अदाणी मामले में केंद्र सरकार की ओर से जेपीसी गठित करने, जोशीमठ के पुर्नरोत्थान के लिए पेकेज की घोषणा करने, गन्ना किसानों का बकाया भुगतान करने समेत कई मांगों को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन महरा की अगुवाई में भराड़ीसैंण कूच किया। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जत्था जंगलचट्टी में लगी बैरिकेडिंग तोड़कर दिवालीखाल तक करीब दो किलोमीटर पैदल पहुंचा। यहां पुलिस व कांग्रेसियों के बीच धक्कामुक्की और नोकझोंक हुई।किसी तरह कांग्रेसियों ने बैरिकेडिंग पार की लेकिन उनको दूसरे बैरिकेडिंग पर रोक दिया गया। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद कुंजवाल, प्रदीप टम्टा, पूर्व पार्टी अध्यक्ष गणेश गोदियाल, विजय सारस्वत, मनीष खंडूड़ी, ललित फरसवाण, प्रदेश महिला अध्यक्ष रश्मि रौतेला, मोहन भंडारी, कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, पूर्व विधायक जीतराम टम्टा के साथ सभी कार्यकर्ता यहीं सड़क पर धरने पर बैठ गए और गिरफ्तारी की मांग करने लगे। बैरिकेडिंग पार करने के प्रयास में सड़क पर गिरने से ललित फर्स्वाण व हरिकृष्ण भट्ट चोटिल हो गए। समझाने के बाद भी उन्होंने धरना समाप्त नहीं किया तो पुलिस ने पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रदीप टम्टा समेत सौ से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तीन बसों में भरकर अस्थायी जेल जीआईसी मालसी भेज दिया। करीब एक घंटे बाद सभी को जमानत पर रिहा कर दिया। प्रदर्शन करने वालों में ओम प्रकाश सती, बब्बन, वीरेंद्र पोखरियाल, मदनलाल, अजय सूद, चरण सिंह कौशल, महिपाल शाह, पिया थापा, मनवीर सिंह आदि शामिल रहे।







# जब-जब भाजपा डरती है पुलिस को आगे करती है!

देहरादून( उद संवाददाता)। कांग्रेस नेताओं के गैरसैण कूच के दौरान पुलिस और भारी संख्या में प्रदेशभर से पहुंचे कार्यकर्ताओं की झड़प हो गई। वहीं रविवार को प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण मागों पर बैरिकेट लगाकर रोकने पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में कहा है कि जब-जब भाजपा डरती है, पुलिस को आगे करती है! राज्य में बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी, उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड, राज्य में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में हो रही धांधली/भ्रष्टाचार, बेरोजगार युवाओं पर हो रहे लाठीचार्ज, गन्ना किसानों के गन्ने का मूल्य न बढ़ाने व उनके गन्ने के बकाया राशि का भुगतान न करने आदि ज्वलंत मुद्दों के विरोध में भराड़ीसैंण , गैरसैंण में उत्तराखंड कांग्रेस द्वारा आयोजित विधानसभा घेराव में सम्मिलित हुआ। आज जब हम सब कांग्रेसजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में उत्तराखंड के जनता के ज्वलंत सवालों को, युवाओं, महिलाओं, किसानों, नौजवानों, कर्मचारियों आदि की ज्वलंत समस्याओं को उठाने के लिए हम विधानसभा के नजदीक अपना शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध प्रकट करना चाहते थे, लेकिन हमें जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाकर रोका गया, हमने 5-6 बैरिकेडिंग पार किये और हमें विधानसभा के निकट रोका गया और हमने अपनी गिरफ्तारी दी।कांग्रेस



का भराड़ीसैंण कूच अत्यधिक सफल रहा। राज्य का कोई हिस्सा व विकासखंड ऐसा नहीं था या नगर नहीं था, जहां का प्रतिनिधित्व भराड़ीसैंण कूच में नहीं रहा हो! नई पीढ़ी के नेता बड़ी संख्या में इस कूच में सम्मिलित हुये और कांग्रेस के रुवयोवृद्ध, पुराने कांग्रेस के साथी भी अपना आक्रोश व्यक्त करने पहुंचे। इसलिए जनता के गुस्से को बहुत प्रभावी व असरदार तरीके से कांग्रेस अपने प्रदर्शन में उठा पाई। बहुत दिनों बाद कांग्रेस का मिजाज बहुत आक्रमक था। रुपुलिस ने अच्छी वफादारी निभाई, हमसे नहीं सरकार से! नीचे मेहलचौरी और इधर सिमली से भराड़ीसैंण के लिए आ रहे कार्यकर्ताओं को रोका, छकाया-थकाया, लेकिन दिन कांग्रेस का था और आखिर तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश बना रहा, जो लोग आए उनको बहुत-बहुत बधाई, बहुत धन्यवाद, जो नहीं पाये यह चिंता न करें, यह सरकार उन्हें फिर आक्रमक होने का मौका देगी, वो उस समय के लिए प्रतीक्षा करें, सब कांग्रेसजनों और उनके समस्त नेतागणों को सदन में भी और सदन के बाहर भी एक आक्रमक, तथ्यसंगत और तर्कपूर्ण विपक्ष की भूमिका अदा करने के लिए हार्दिक बधाई।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिये अंकिता हत्याकांड की स्टेटस रिपोर्ट दो सप्ताह में पेश करने के आदेश

देहरादून(उद संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट ने अंकिता हत्याकांड की स्टेटस रिपोर्ट दो सप्ताह में पेश करने के उत्तराखंड सरकार को आदेश दिए हैं। अंकिता के माता-पिता व एक ग्रामीण ने हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच में प्रकरण की पहली सुनवाई जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से प्रकरण की रिपोर्ट तलब की। बता दें कि परिजनों की ओर से दायर सीबीआई जांच की जनहित याचिका हाईकोर्ट नैनीताल में बीते दिसंबर माह में खारिज हो गई थी। जनपद पौड़ी के श्रीकोट निवासी अंकिता भंडारी की हत्या की सीबीआई जांच की मांग को लेकर परिजनों व एक ग्रामीण ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ग्रामीण आशुतोष नेगी ने बताया कि अक्तूबर 2022 में प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने को लेकर हाईकोर्ट नैनीताल में याचिका दायर की गई थी जिसे दिसंबर 2022 में अदालत ने खारिज कर दिया था। इसके बाद अंकिता की मां सोनी भंडारी, पिता वीरेंद्र भंडारी व मैंने सुप्रीम कोर्ट में बीते माह याचिका दाखिल की थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच में प्रकरण की पहली सुनवाई जिसमें याचिकाकर्ताओं ने कहा कि वीआईपी का नाम घटना के छह माह बाद भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। विधायक यमकेश्वर की पूरे घटनाक्रम में भूमिका संदिग्ध थी लेकिन जांच तो दूर इसको लेकर कोई कार्रवाई तक नहीं की गई है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई को लेकर भी अभी तक कोई सकारात्मक कदम सरकार ने नहीं उठाए हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजालविस ने बताया कि न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना व केएम जोसेफ की बेंच ने अंकिता हत्याकांड को गंभीर घटना बताते हुए उत्तराखंड सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। कहा कि अदालत ने प्रदेश सरकार को दो सप्ताह में स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। अंकिता हत्याकांड के तीन आरोपियों में एक सौरभ भास्कर की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई होनी थी मगर सुनवाई किन्हीं कारणों से नहीं हो पाई। अब अदालत इस मामले में 15 मार्च को सुनवाई करेगी। जबकि नियमित केस में तीनों आरोपियों पर आरोप तय करने की तिथि यथावत 18 मार्च रखी गई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे) जमानत याचिका बहस के लिए अगली तिथि लगा दी है।जिला शासकीय अधिवक्ता जितेंद्र रावत ने बताया कि सोमवार को एक अधिवक्ता के पिता के निधन के कारण बार संघ के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। इस कारण अदालत में सुनवाई के लिए लगी एक हत्यारोपी सौरभ भास्कर की जमानत याचिका पर बहस की तिथि बदलकर 15 मार्च कर दी गई है। अंकिता हत्याकांड के नियमित केस में तीनों आरोपियों पुलकित आर्य, सौरभ और अंकित गुप्ता पर आरोप तय करने के लिए 18 मार्च की तिथि यथावत है। आरोप तय होने के बाद सत्र परीक्षण शुरू हो जाएगा। बता दें कि 18 सितंबर की रात को वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य ने राजस्व पुलिस चौकी में अपनी कर्मचारी अंकिता भंडारी के गुमशुदा होने की शिकायत दी थी। करीब तीन दिनों तक इस मामले की ढिलाई से जांच की गई। इसके बाद शासन के निर्देश पर मामले को रेगुलर पुलिस के हवाले कर दिया गया।पुलिस ने पुलकित आर्य, मैनेजर सौरभ भास्कर और अंकित से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने सारी बात उगल दी। पता चला कि पुलकित और अंकिता के बीच झगड़ा हुआ था। ऋषिकेश से लौटते वक्त अंकिता और पुलकित के बीच नहर किनारे फिर से विवाद हुआ और इस बीच पुलकित ने अंकिता को नहर में धक्का दे दिया था। पुलिस ने इस मामले में 22 सितंबर को पुलकित, अंकित और सौरभ को गिरफ्तार कर लिया था।

# सड़क हादसे में हल्द्वानी के व्यापारी व परिजनों की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर के पास हुए एक सड़क हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जिनमे यहां बनभूलपुरा निवासी युवा व्यापारी, उसके परिजन व कर चालक शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। बताया जाता है बनभूलपुरा निवासी युवा व्यापारी साहिल दिल्ली से मां और अन्य रिश्तेदारों के साथ बिहार जा रहा था। यूपी में सुल्तानपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना में कार सवार पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में युवा व्यापारी साहिल खान (19 वर्ष), उसकी मां शाईना (37 वर्ष), मामी रुखसार (31 वर्ष) और नानी जमीला के साथ-साथ कार चालक शाहरूख (28 वर्ष) शामिल हैं। सुल्तानपुर में पुलिस द्वारा शवों का पोस्टमार्टम कराकर उनके मूल निवास स्थानों पर भेजे जा रहे हैं। बनभूलपुरा के वार्ड-59 स्थित अंसारी कॉलोनी निवासी साहिल खान अपने ममेरे भाई की मौत पर बिहार के सासाराम जा रहे थे। शनिवार की सुबह नौ बजे की ट्रेन से साहिल मां शाईना को लेकर हल्द्वानी से दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। दिल्ली पहुंचकर साहिल के पिता गुड्डू ने बिहार तक के लिए एक टैक्सी बुक की जिसे बनभूलपुरा की लाइन नंबर एक निवासी शाहरुख चला रहा था। दिल्ली से कार में साहिल की मामी रुखसार और नानी जमीला भी सवार हुईं थीं। लखनऊ के सुल्तानपुर क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से होते हुए बिहार जा रही कार अखंडनगर थाना क्षेत्र के भोलारा गांव के पास अनियंत्रित होकर डंपर में पीछे से जा टकराई। हादसे में मौके पर ही कार सवार पांचों लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इधर, बनभूलपुरा के रजा मस्जिद इलाके में कोहराम मचा हुआ है। फोन पर हुई बातचीत में मृतकों के स्वजनों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मृतक साहिल और उनकी मां शाईना का जनाजा पैतृक गांव मिर्जापुर ले जाया जाएगा और वहीं उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। मृतक साहिल के पड़ोसियों ने बताया कि साहिल के पिता गुड्डू ठेकेदारी का काम करते हैं। मूलरूप से यह परिवार यूपी के वाराणसी के मिर्जापुर के रहने वाले हैं। करीब ग्यारह वर्षों से उनका परिवार बनभूलपुरा के जवाहर नगर स्थित वारसी कॉलोनी के आरा मशीन वाली गली में रहता था। छह महीने पहले ही वार्ड 59 स्थित अंसारी कॉलोनी में घर खरीदकर रह रहे थे।

# एसपी सिटी ने फायर स्टेशन का किया वार्षिक निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसपी सिटी हरबन्स सिंह द्वारा फायर स्टेशन हल्द्वानी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फायर स्टेशन की गाड़ियों एवं संबंधित उपकरण को बारीकी से चेक किया और फायर स्टेशन में उपस्थित कर्मचारियों से फायर उपकरणों को चलवाया। कर्मचारियों ने आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली त्वरित कार्यवाही व कार्यप्रणाली की जानकारी दी। एसपी सिटी ने फायर स्टेशन के बैरक एवं मैस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कर्मचारियों की बेहतर स्वास्थ्य व पौष्टिक आहार हेतु मैस में विशेष मैन्यू चार्ट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने फायर स्टेशन स्टोर में उपलब्ध सभी उपकरणों को बारीकी से चेक किया। इस दौरान फायर स्टेशन के वॉचरूम में लगे सेट, टेलीफोन आदि को चेक किया गया साथ ही अलार्म बजाकर एक्सीडेंट रिस्पॉन्स टाईमिंग को चेक किया गया। सभी कर्मचारी तुरंत तैयारी की हालत में मौके पर पहुंचने हेतु तैयार मिले। साथ ही फायर स्टेशन के सभी कर्मचारियों का सम्मेलन लेकर उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली गई। समस्याओं का निराकरण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों के संबंध में भी जागरूक किया गया। वर्ष 2022 में स्टेशन में प्राप्त 167 सूचनाओं में फायर स्टेशन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए लगभग 30.41 करोड़ रुपए की संपत्ति तथा मानव एवं पशु जीवन बचाया गया। जिसकी सराहना की गई। साथ ही गर्मियों के सीजन शुरू होने के दौरान आगजनी से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समय से घटनास्थल/मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे कि समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि विकसित की जा सके। वार्षिक निरीक्षण के दौरान संजीव कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, गोविंदराम अग्निशमन अधिकारी तथा फायर स्टेशन के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।



अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


मकान बिकाऊ है
15 x 45 का एक मकान (रजिस्ट्रीशुदा) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।
-सम्पर्क करें-
मो. 8191024718

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER
AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

# कॉमरेड इंद्रेश मैखुरी बने भाकपा (माले) के राज्य सचिव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाकपा (माले) की राज्य कमेटी ने नये राज्य सचिव के रूप में कॉमरेड इंद्रेश मैखुरी को चुना है। राज्य कमेटी की ऑनलाइन मीटिंग को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि ष्देश इस समय एक गम्भीर राजनीतिक चुनौती से जूझ रहा है. देश में संविधान, लोकतंत्र,न्याय और तमाम संस्थानों पर केंद्र में बैठी हुई सरकार ने हमला बोल दिया है. सांप्रदायिक फासीवाद से निपटने के लिए वामपंथी नेत्रत्व के मजबूत जन आंदोलनों और विपक्षी एकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि, उत्तराखंड इस समय जिस विनाशकारी विकास के मॉडल से जूझ रहा है,जोशीमठ उसकी जीती-जागती मिसाल है. इस विनाशकारी विकास के मॉडल के खिलाफ लड़ाई न केवल उत्तराखंड की बल्कि सभी हिमालयी राज्यों की जरूरत है। उन्होंने उत्तराखंड में पार्टी के मजबूती के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता पर जरूरत पर विशेष बल दिया। बैठक में कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने बताया कि ष्पार्टी के वर्तमान राज्य सचिव कॉमरेड राजा बहुगुणा केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं और पार्टी के नियम के अनुसार कंट्रोल कमीशन के अध्यक्ष पार्टी के किसी अन्य पद पर नही रह सकते है। दीपांकर भट्टाचार्य ने नये राज्य सचिव को चुने जाने का प्रस्ताव



दिया। जिस पर सभी राज्य कमेटी सदस्यों ने इंद्रेश मैखुरी को सर्वसम्मति से राज्य सचिव के पद चुना। भाकपा(माले) के नवनिर्वाचित राज्य सचिव कॉमरेड इन्द्रेश मैखुरी ने कहा कि, ष्इस समय उत्तराखंड में जीवन,रोजगार और पर्यावरण पर सत्तापक्ष ने चौतरफा हमला बोल दिया है. प्रदेश में युवाओं के रोजगार की सरेआम लूट हो रही है. जोशीमठ समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में लोग अपने जल-जंगल-जमीन को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार जी 20 के बहाने उधम सिंह नगर और नैनीताल के लोगों का घर और दुकान तोड़कर लोगों को सड़क पर लाने का काम कर रही है, सिडकुल से उद्योगपति रातों रात गैर कानूनी तरीके से उद्योग बंद कर हजारों श्रमिकों को बेरोजगार कर रहे हैं लेकिन सरकार चुप्पी साधे हुए है। इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि प्रदेश की जनता के सवालों पर भाकपा (माले) पार्टी मजबूती से जनता के साथ खड़ी है और प्रदेश में संघर्षशील ताकतों की एकजुटता के लिए प्रयास करेगी। बैठक में भाकपा(माले) के केंद्रीय कमेटी सदस्य कॉमरेड संजय शर्मा, राजेंद्र प्रथोली, पुरुषोत्तम शर्मा, एक्टू के प्रदेश महामंत्री कॉमरेड के.के बोरा, वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह जंगी, किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, अतुल सती, डा. कैलाश पांडेय, गोविंद कफलिया, राजेंद्र जोशी, के.पी चंदोला, विमला रौथाण व राज्य कार्यालय सचिव ललित मटियाली आदि शामिल थे।

# व्यापारियों को उजाड़ने को लेकर मीना शर्मा ने पूर्व सीएम हरीश रावत से की भेंट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने राज्य की ग्रीष्मकालीन विधानसभा गैरसैंण में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मुलाकात कर रुद्रपुर में नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा पिछले 50 वर्षों से भी अधिक समय से लघु व्यापार कर अपना जीवन यापन कर रहे लघु व्यापारियों को निर्ममता पूर्वक उजाड़े जाने के संबंध में विस्तृत बात की और उनसे इस मामले में हस्तक्षेप कर व्यापारियों को न उजाड़े जाने की मांग की ।श्रीमती शर्मा ने गैरसैंण में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का ध्यान रुद्रपुर के उन सैकड़ों लघु व्यापारियों की तरफ आकर्षित कराया जिन्हें प्रशासन और नेशनल हाईवे अथॉरिटी जी-20 के नाम पर नेस्तनाबूत करने पर तुला है। श्रीमती शर्मा ने श्री रावत से कहा कि यह सभी



लघु व्यापारी पिछले 50 वर्षों से भी अधिक समय से नैनीताल दिल्ली हाईवे पर अपना रोजगार करते चले आ रहे हैं और इसी रोजगार के तहत यह अपना परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं और इससे किसी को कोई आपत्ति भी नहीं है लेकिन पिछले दिनों जी-20 के नाम पर प्रशासन और नेशनल हाईवे अथॉरिटी इन्हें उजाड़ने पर आमादा है जिससे इन लघु व्यापारियों में दहशत का माहौल है। श्रीमती शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से कहा कि वह इस मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात करके इस मामले में लघु व्यापारियों को उजड़ने से बचाएं। उल्लेखनीय है कि श्रीमती शर्मा ने कल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष करण मेहरा से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की थी।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।पिता की हत्या के बदले में युवक की हत्या करने वाले आरोपी को तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री रजनी शुक्ला ने सोमवार को आजीवन कारावास और 31000 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि 03 फरवरी 2020 की प्रातः 8.25 बजे वार्ड 16 विकास कालोनी किच्छा निवासी सूरज राठौर पुत्र स्व० केदार राठौर हाथ में चाकू लिए थाने पहुँचा और वहाँ मौजूद एस आई बबीता गोस्वामी से कहा कि वह अभी अभी पड़ोसी विकास पुत्र रूप किशोर का खून करके आया है ।यह सुनते ही बबीता गोस्वामी ने कोतवाल को बताया साथ ही आला कतल चाकू तथा खून से सने कपड़े कब्जे में ले लिये उसके बाद पुलिस सूरज को लेकर मौके पर पहुँची तो देखा कि गीता देवी की दुकान के सामने खाली प्लाट में खून से लथपथ विकास पड़ा था और उसके आसपास लोगों की भीड़ लगी है पुलिस विकास को लेकर तत्काल अस्पताल गयी पर उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया ।पुलिस कोतवाली में एसआई बबीता गोस्वामी ने सूरज राठौर के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपी सूरज ने धारा 164 सीआरपीसी के तहत मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयानों में अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि उसके पिता केदार राठौर की हत्या विकास ने की थी इसीलिए उसने अपने पिता की हत्या का बदला लेते हुए विकास की हत्या की है ।विधि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा परीक्षण में पुलिस द्वारा मौके से ली गयी खून से सनी मिट्टी,मृतक के खून,चाकू व आरोपी के कपड़ों पर लगे खून मेल खा गए ।सूरज राठौर के विरूद्ध तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री रजनी शुक्ला की अदालत में मुकदमा चला जिसमें एडीजीसी लक्ष्मी नारायण पटवा ने 8 गवाह पेश कर हत्या का आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद माननीय न्यायाधीश ने सूरज को हत्यारा घोषित करते हुए धारा 302 भादवि के तहत आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने तथा धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम के तहत 3 वर्ष के साधारण कारावास और 1 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।

# दुकानें न तोड़ने को कांग्रेसजनों ने सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश तनेजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा से मुलाकात कर डी डी चौक से इंद्रा चौक तक दुकानें न तोड़ने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि व्यापारी पिछले कई दशकों से रोजगार कर रहे हैं। जिस तरह रामनगर में विदेशी मेहमानों के स्वागत में दुकानों के आगे तिरंगा ध्वज लगाकर ढका जा रहा है वैसे ही यहां पर भी दुकानों को ढक दिया जाए। ज्ञापन



देने वालों में मोनू निषाद, सुशील मंडल, फरमान सिद्दीकी, सुनील आर्य, सतीश राजपूत, इदरीस गोला, मोहन कुमार व हरीश बावरा आदि मौजूद थे।

# बोर्ड परीक्षाएं पारदर्शी व नकल विहीन संपन्न हों: डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। आगामी 16 मार्च से 6 अप्रैल तक जनपद में आयोजित होने जा रही परिषदीय परीक्षा 2023 के सफल आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में गंगोत्री गर्ब्याल राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित केंद्र व्यवस्थापकों एवं कस्टोडियन को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी रीना जोशी ने कहा कि जनपद में बोर्ड परीक्षा नकल विहीन एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करायी जाय। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रहे कि परीक्षा में नकल बिल्कुल न होने पाए। बोर्ड परीक्षा अनुशासन के साथ संपन्न कराई जाए। परीक्षार्थियों को पूर्व में ही निर्देश जारी कर दिए जायें कि वे परीक्षा केन्द्रों में मोबाइल व नकल में सहयोगी अन्य उपकरणों को अपने साथ में न लेकर जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों में पहुंचने





हेतु विद्यार्थियों को आवागमन की समस्या न हो इसके लिए एआरटीओ को निर्देशित कर दिया जाएगा ताकि उनके द्वारा ऐसे मार्गों पर बस एवं टैक्सी आदि वाहनों का संचालन सुचारु रुप से कराया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी निर्देशित कर दिया जाएगा कि एंबुलेंस आदि वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था रखें ताकि परीक्षा के दौरान किसी परीक्षार्थी को स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न होने पर उसे उचित समय पर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराई जा सके। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जुकरिया द्वारा बोर्ड परीक्षा आयोजन को लेकर की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को संपन्न कराने हेतु जनपद में कुल 87 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें से 20 संवेदनशील केंद्र एवं 1अति संवेदनशील केंद्र घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र उन केंद्रों को घोषित किया गया है जिनकी पहुंच सड़क मार्ग से दूर है। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में जनपद में कुल 12822 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे जिनमें से हाई स्कूल की परीक्षा 6287 परीक्षार्थी एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा 6535 परीक्षार्थी देगें। हाई स्कूल में संस्थागत परीक्षा 6223 एवं व्यक्तिगत परीक्षा 64 परीक्षार्थी देंगे जबकि इंटरमीडिएट में संस्थागत परीक्षा 6389 एवं व्यक्तिगत परीक्षा 146 परीक्षार्थी देंगे।

# गुरमत समागम में संगत हुई निहाल

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरु नानक देव जी द्वारा चलाए गए सिख धर्म में नाम जपना ,कृत करनी और बांट कर खाने के अलावा अन्य शिक्षाओं में दूसरों की रक्षार्थ हमेशा तत्पर रहना एक गुरु के सिख का कर्तव्य है। उक्त विचार ग्राम खेमपुर में आयोजित गुरमत समागम के दौरान तख्त श्री दमदमा साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी केवल सिंह द्वारा व्यक्त किए गए। उन्होंने कहा गुरु के सिख का कर्तव्य है कि वह गुरु की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ दूसरों की सहायता के लिए हमेशा अग्रसर रहें उन्होंने अमृत छककर गुरु वाले बनने का सभी संगत को आह्वान करते हुए गुरुमुखी भाषा ग्रहण करके गुरु वाणी का प्रचार प्रसार करने का भी आह्वान




किया। उन्होंने वर्तमान राजनीतिज्ञों पर सिख धर्म में दखलअंदाजी किए जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने सभी संगत से जागरूक होकर गुरु की मर्यादा एवं शिक्षाओं के अनुसार जीवन जीने की अपील की उन्होंने भ्रष्ट लोगों से किसी प्रकार का नाता ना रखने की अपील करते हुए स्वयं गुरु घर की सेवा करने की ताकीद की। इससे पूर्व रागी जत्था एवं अन्य कथा वाचक द्वारा गुरबाणी के आदर्शों से संगत को अवगत कराया सपूर्व जत्थे दार ज्ञानी केवल सिंह जी द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई। अपनी पुत्री के विवाह से पूर्व करवाये गुरमत समागम आयोजक सरदार प्रीतम सिंह संध ने वक्ताओं सहित जत्थेदार ज्ञानी केवल सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।




# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सोमवार को जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी युगल किशार पन्त ने जनपद में हो रही वाहन दुर्घटनाओं पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में यातायात व्यवस्था सुरक्षित व सरल हो। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों हेतु निर्धारित स्पीड लिमिट की जानकारी हेतु गति सीमा संकेतक लगाए जायें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि एनएच से मिलने वाले लिंक मार्गों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि यातायात को निर्बाध रूप से संचालन हेतु अनावश्यक कट्स को बन्द किया जाये और इसकी शुरूआत जिला कार्यालय के सामने खुले कट को बन्द करके की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिमाह सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों का सोशल ऑडिट किया जाये। उन्होंने काशीपुर तथा रूद्रपुर में ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रेक निर्माण हेतु व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्यवाही करने के निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि शतप्रतिशत ई–रिक्शों का पंजीकरण किया जाये और गैर पंजीकृत ई–रिक्शा संचालको के खिलााफ सख्ती से कार्यवाही की जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षात्मक दृष्टि से ई–रिक्शा में दाई साइड जाली लगवाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, एआरटीओ बीके सिंह, पूजा नयाल, एके झा, अधिशासी अभियंता अरूण कुमार, एनएचएआई मेनेजर अक्षत विश्नोई, अपर मुख्य अधिकारी तेजसिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



# लाखों की चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ चल रहे अपने अभियान को जारी रखते हुए नशे के एक सौदागर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 किलो से अधिक चरस बरामद की गई। पकड़ी गई चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी बलजीत सिंह भाकुनी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कोतवाल अरुण कुमार सैनी, एसएसआई अनीस अहमद एवं एसआई कश्मीर सिंह व पुलिस कर्मियों ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को उसके घर के बाहर से ही गिरफतार करते हुए उसके कब्जे से 5 किलो 400 ग्राम चरस बरामद की है सीओ ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है तथा अभी तक पुलिस कई नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है उन्होंने बताया कि पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। वही पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहरुख खान निवासी नई बस्ती मोहल्ला गुलरघटटी बताया उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।




# जेसीआई राष्ट्रीय उपाध्यक्ष झुनझुनवाला पहुंचे रूद्रपुर

## मंडल अध्यक्ष ने कहा–अमित जैन संस्था के सम्मानित ऑफिसर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जेसीआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेसी अंकुर झुनझुनवाला ने अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा की शुरुआत मण्डल दो में रूद्रपुर से की। इस अवसर पर मण्डल दो के मण्डलाध्यक्ष जेसी अभिनव गुप्ता, मण्डल दो के विशेष अधिकारी विस्तार उत्तराखण्ड जेसी अमित जैन लोहिया व जेसी आई रुद्रपुर के अध्यक्ष जेसी सुनील शुक्ला ने उनका स्वागत किया। जेसीआई के 50वें साल के उपलक्ष में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष झुनझुनवाला एवं रूद्रपुर अध्याय के वर्तमान अध्यक्ष जेसी सुनील शुक्ला द्वारा इस वर्ष में किये गये सामाजिक कार्यो का उल्लेख किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया जेसीआई पूर्ण विश्व के 120 देशों में कार्यरत है और देश के अनेक शहरों में सामाजिक कार्यो में संलग्न एक नो प्रोफिटेबल एनजीओ इकाई है। यह संस्था जरूरतमंद बच्चों को छात्रवृत्ति, विद्यालयों में क्लास रूम, पानी के फिल्टर, शौचालय इत्यादि कार्यो में विगत 100 वर्षो से भी अधिक समय कार्यरत है। जेसीआई अनेक शहरों में स्कूल एवं ब्लड बैंकों का भी संचालन कर रही है। जेसी अभिनव गुप्ता मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि जेएफएम अमित जैन लोहिया के बारे में कुछ गलत भ्रान्तियाँ फैलायी जा रही है जिनका वह खण्डन करते हैं। इनको जॉन वाईस प्रेसीडेन्ट नहीं, बल्कि जौन स्पेशल आफीसर रीजन–ए पद पर नियुक्त किया गया है। जेएफएम अमित जैन लोहिया को कुछ समय पूर्व गोल्डन कॉलर प्रेसीडेन्ट से सम्मानित भी किया गया है। उनके बारे में जो भी दुष्प्रचार किया गया है वह गलत है वह आज भी संस्था के सम्मानित आफीसर है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेसी अंकुर झुनझुनवाला, मण्डलाध्यक्ष जेसी अभिनव गुप्ता तीन दिनों के दौरे पर रूद्रपुर, बरेली होते हुए मथुरा जायेंगे। कार्यक्रम में इसके अतिरिक्त वर्तमान चौम्पटर महामंत्री जेसी हितेश लालवानी, कोषाध्यक्ष जेसी रवीन्द्र सिंह, वरिष्ठ सदस्य जेसी हरबीर चौधरी, जेसी प्रदीप अग्रवाल, जेसी राधेश्याम अग्रवाल, जेसी राजीव चावला, जेसी कुशल अग्रवाल, जेसी बीएल चम्वाल, जेसी अनिल नागपाल, जेसी मुकेश खन्ना, अग्रवाल समाज की प्रदेश अध्यक्ष जेसीआरटी सुषमा अग्रवाल, जेसीआरटी अनुराधा जैन इत्यादि लोग उपस्थित हुए।





# बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर दिये दिशा निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद वर्ष 2023 की आगामी बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी युगल किशोर पंत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा पारदर्शी व नकल विहिन परीक्षा कराना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये। उन्होने कहा कि नकल को मुख्य गेट पर ही रोके ताकि किसी भी प्रकार की नकल परीक्षा कक्ष तक पहुँच ही न सकें। उन्होने कहा कि हमारा उद्देश्य नकल को रोकना है, परीक्षार्थियों को डराना नही। उन्होने कहा कि चैकिंग के दौरान परीक्षार्थियों को भयभीत न करें। उन्होने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रो में पेयजल व विद्युत व्यवस्था सुचारू हो एवं संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों विशेष नजर रखी जाये। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र खोलने से पहले भलिभाँति जाँच कर ले ताकि निर्धारित प्रश्नपत्र ही परीक्षा कक्ष में खोला जाये। उन्होने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा कक्ष में मोबाईल फोन या कोई अन्य इलैक्ट्रॉनिक उपकरण लाना पूर्णतः वर्जित है। इसमें किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाये, यदि किसी स्तर पर लापरवाही प्रकाश में आती है तो सम्बन्धित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर अपने तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराये ताकि ससयम उस समस्या का निस्तारण किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्रों की 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी। मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या ने बताया इस वर्ष उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओ में जनपद के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के 42530 छाघ्त्र–छात्राएं सम्मिलित होगें। उन्होने बताया हाईस्कूल परीक्षा में 10960 बालक संस्थागत, 11474 बालिका संस्थागत, 273 बालक व्यक्तिगत, 214 बालिका व्यक्तिगत अर्थात कुल 22921 बालक/बालिका हाई स्कूल परीक्षा में प्रतिभाग करेगें। उन्होने बताया इण्टरमीडिएट परीक्षा में 9169 बालक संस्थागत, 9746 बालिका संस्थागत, 343 बालक व्यक्तिगत व 351 बालिका व्यक्तिगत कुल 19609 बालक/बालिकाएं इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रतिभाग करेगें। श्री आर्य ने बताया शान्तिपूर्ण परीक्षाएं सम्पन्न कराने हेतु जनपद में 92 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसमे 85 मिश्रित परीक्षा केन्द्र व 07 एकल परीक्षा केन्द्र है। जनपद में 44 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील है। बैठक में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी व केन्द्र व्यवस्थापक/ प्रधानाचार्य उपस्थित थें।



# एसटीपी टैकों का केमिकल आदि डालकर किया जा रहा शुद्धिकरण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिला गंगा समिति की बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आइटीबीपी के अधिकारियों से पिथौरागढ में स्थित उनके एसटीपी टैंक के शुद्धिकरण कार्यों की जानकारी ली। आइटीबीपी के अधिकारियों ने बताया कि उनके द्वारा एसटीपी टैकों का केमिकल आदि डालकर शुद्धिकरण किया जा रहा है। वहीं जिलाधिकारी ने थल में राम गंगा नदी पर स्थित घाट पर दाह संस्कार के उपरांत सफाई व्यवस्था बनाये रखे जाने को लेकर की जा रही कार्रवाई की जानकारी भी संबंधित उप जिलाधिकारी से ली। जिलाधिकारी ने घाटों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात संबंधित अधिकारियों से कहीं। बैठक में डीएफओ जीवन मोहन दगाड़े, सीडीओ वरुण चौधरी, डीडीओ रमा गोस्वामी, जिला पंचायत राज अधिकारी हरीश आर्य आदि उपस्थित थे।







एनयूजेआई का नगर अध्यक्ष बनने पर महेंद्र पोपली को बहुत-बहुत बधाई

महेन्द्र पोपली
नगर अध्यक्ष एनयूजेआई
किशोर अरोरा
गोल्डन एजेंसी, रूद्रपुर


# विधायक अरोरा ने सीएम से की लेक पैराडाइज झील को पार्क के रूप में विकसित करने की मांग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गैरसैंण में आयोजित बजट सत्र के में प्रतिभाग करने पहुँचे विधायक शिव अरोरा ने विधानसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यालय जाकर उनसे मुलाकात कर रुद्रपुर क्षेत्र से जुड़े मुद्दे पर वार्ता की। विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री को लिखित ज्ञापन देकर किच्छा बाईपास रोड स्थित लेक पैराडाइज जो झील जोकि 25 एकड़ भूमि में बनी हुई है उसको रुद्रपुर की जनता हेतु पार्क के रूप में विकसित किये जाने हेतु आग्रह किया। वर्तमान में वह झील लीज पर दी हुई है जहाँ आये दिन अनैतिक गतिविधि नशा से लेकर अश्लील गतिविधि आये दिन प्रकाश में आती रहती है। चूंकि यह झील शहर के बीचों बीच है और आस पास बहुत बड़ी आबादी निवास करती हैं जिनके लिये कोई पार्क नही है और वर्तमान में इसकी लीज का कार्यकाल पूर्ण हो गया हैं और इसकी लीज की सीमा आगे न बढ़ाते हुए इसको आमजन के लिये इसका बेहतर उपयोग हो सके और साथ ही आये दिन हो रही अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से इसकी लीज नवीनकरण को निस्तारण किये जाने के लिये विधायक शिव अरोरा ने लिखित ज्ञापन दिया। विधायक शिव अरोरा ने बताया कि



झील जहां नियम उल्लंघन करते हुए साप्ताहिक बाजार लगाकर वसूली मछली पालन व अन्य अनैतिक कार्य लगातार हो रहे हैं जबकि रुद्रपुर औद्योगिक राजधानी कहे जाने के बावजूद यहाँ बुजर्गों महिलाओं व बच्चो के लिये कोई पार्क नही है। जिसपर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहमति जताते हुए जल्द कार्यवाही करने के निदेश दिये । वही मुलाकात के दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा विगत 70 वर्षों से एन झा इंटर कॉलेज के बाद रुद्रपुर में कोई सरकारी स्कूल नही बना ,हालाकि बालिका इंटर कालेज बना जिसमे सिर्फ लड़कियां ही शिक्षा ग्रहण कर सकती है। विधायक शिव अरोरा ने कहा रुद्रपुर विधानसभा की आबादी चार लाख लगभग हो गयी है जबकि ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र घनी आबादी का केंद्र है और उसके साथ ही लगते हुए संजय नगर खेड़ा, खेड़ा, जगतपुरा ,मुखर्जीनगर सहित अन्य क्षेत्र में हमारे गरीब परिवार निवास करते हैं जिनकी स्थिति को संज्ञान लेते हुए एक सरकारी इंटर कालेज के निर्माण की अत्यंत आवश्यक है जिसमे छात्र छात्राये अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके। विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुख्यशिक्षा अधिकारी के माध्यम से निदेशक माध्यमिक शिक्षा को इंटर कालेज का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया हैं , क्षेत्र की घनी आबादी की जरूरत को देखते हुए इसके निर्माण की अत्यंत आवश्यक है। वही मुख्यमंत्री ने सरकारी इंटर कालेज निर्माण के विषय को गम्भीरता से लेते हुए इसके प्रस्ताव पर कार्यवाही करने हेतु आश्वस्त किया है ओर कहा है कि इसके निर्माण का रास्ता जल्दी साफ हो इसके लिये हम उचित कार्यवाही करेगें।विधायक शिव अरोरा ने कहा वह रुद्रपुर विधानसभा के विकास को लेकर सदैव प्रयासरत्त है और विकास कार्यो एव रुद्रपुर विधानसभा की हर मूलभूत जरूरत को पुराने करने के लिये उनके द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है जिसके परिणाम जल्द धरातल पर नजर आयेंगे।

# आसरा टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

गदरपुर(उद संवाददाता)। आसरा ट्रस्ट की टीम द्वारा रामबाग के सदस्यों के साथ महिला दिवस मनाते हुए महिला शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण की जानकारी देकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जीजीआईसी दिनेशपुर की मेंटर अलका



सैनी तथा ट्यूटर राधा, पूनम, शोभा, शिखा, रानी एवं वीरेंद्र जी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखे गए जिसमें महिलाओं से वार्तालाप करते हुए उन्हें महिला सशक्तिकरण और महिला शिक्षा तथा महिलाओं के अधिकार जैसे मुद्दों पर चर्चा करते हुए जागरूक किया गया ।उत्साहित महिलाओं द्वारा अपने अधिकारों एवं कर्तव्य का निर्वाह करने के लिए संकल्प भी लिया गया। इस दौरान सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी के विचार सुने गए। इस मौके पर तमाम महिलाएं एवं बालिकाएं मौजूद थी।

# मीरी पीरी खालसा अकेडमी में खेल प्रतियोगिताएं शुरू

गदरपुर(उद संवाददाता)उद संवाददाता। मीरी पीरी खालसा अकैडमी में चल रही कबड्डी प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया कबड्डी कप की मशाल जलाकर शुरुआत की गयी कबड्डी कप में पंजाब हरियाणा सहित 8 इन्टरनेशनल कबड्डी टीमें भाग लेंगी । कार्यक्रम की शुरुआत पंजाब के विरसे से की गयी । प्रथम दिन के खेलों में 12 वर्ष के लड़कों एवं लड़कियों की साईकिल रेस कबड्डी 65 कि0ग्रा0, मटका रेस , चपाती रोटी बनाने की प्रतियोगिता , बुर्जुगों की रेस आदि कार्यक्रम हुए । यह इन्टरनेशनल कबड्डी कप गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार बाबा अनूप सिंह वीर जी के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है । कबड्डी कप में देश विदेश की कई टीमें भाग ले रही हैं । कार्यक्रम में पधारे बतौर अतिथि घनश्याम लोधी सांसद रामपुर द्वारा





कार्यक्रम में खेलों के प्रोत्साहन की बात कही । श्री लोधी ने कहा कि कबड्डी जो कि हमारा पुराना खेल है तथा जो कि पिछड़ गया है लेकिन हमें इन खेलों को आगे लाने के लिये ऐसे ही प्रयास करने होगें । सांसद श्री लोधी ने मीरी पीरी खालसा अकेडमी में बनने वाले स0 जसवन्त सिंह चाहल मैमोरियल स्टेडियम के लिये भी अपने स्तर से अधिक से अधिक सहयोग करने की बात कही । पहले दिन खेलों में 12 वर्ष के बच्चों की साईकिल रेस में गुरुसेवक सिंह प्रथम , गुरुशब्द सिंह द्वितीय , एवं दिलराज सिंह तृतीय स्थान पर रहे । 12 वर्ष के लडकियों की साईकिल रेस में वैष्नवी प्रथम , एकदीप कौर द्वितीय , एवं खुशप्रीत कौर तृतीय स्थान पर रही । पहला कबड्डी मैच नानकपुरी बंडा और गंगापुर अफजलगढ के बीच खेला गया जिसमें नानकपुरी बंडा की टीम विजयी रही । दूसरा कबड्डी मैच मीरी पीरी नवाबगंज और मीरी पीरी अफजलगढ के बीच खेला गया जिसमें मीरी पीरी नवाबगंज की टीम विजयी रही । महिलाओं की मटका रेस में पहाड़पुर की सुखप्रीत कौर प्रथम , मनप्रीत कौर अफजलगढ द्वितीय , एवं नवाबगंज की जशनदीप कौर तृतीय रही । कम समय में ज्यादा रोटी बनाने की प्रतियोगिता में बलविन्दर कौर नवाबगंज ने 135 अंकों के साथ प्रथम, गुरमीत कौर ने 120 अंकों से द्वितीय, एवं रजविन्दर कौर ने 107 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इस दौरान मैनेजमेंट कमेटी के चौयरमैन, कै0 जगतार सिंह, मैनेजर कर्नल गुरुदेव सिंह, श्रीमति मन्दीप कौर प्राचार्या, डा0 अमर सिंह, बलविन्दर सिंह बिल्ला , महेन्द्र सिंह , अमरीक सिंह, सेवक सिंह, जरनैल सिंह काली , हरमनजोत सिंह, मुख्तयार सिंह मक्कड़ , प्रतपाल सिंह मक्कड़ ,कश्मीर सिंह , जसवीर सिंह बठला, सोनू सोहल, मलकीत सिंह बाजवा आदि तमाम क्षेत्रवासी मौजूद थे ।

# एनएसएस स्वयं सेवियों ने निकाली जागरूकता रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन शिविर का शुभारंभ प्रातः योग और एन एस एस




लक्ष्य गीत के साथ हुआ। एन एस एस स्वयंसेवकों के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जन जागरूकता फैलाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा के लिए लोगो को जागरूक किया तथा इसके अलावा शिविरार्थीयो के द्वारा आसपास के गांवों में श्रमदान के तहत साफ सफाई अभियान चलाया गया। बौद्धिक सत्र में कार्तिक हालदार (प्रवक्ता, वैधुत अभियन्त्रिकी) द्वारा क्षेत्रवासियों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारें में तथा वाहन परिचालन सर्म्बंधित उचित नियमों के बारे में जागरूक किया गया।इस दौरान सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह और सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, प्रबंधक निदेशक सी ए शिव अरोरा, निर्देशिका डा.सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर, वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी ललित भट्ट, एन एस एस वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी चंदन सिंह राणा और एनएसएस के कोऑर्डिनेटर प्रियरंजन तिवारी, महिला कोऑर्डिनेटर शिल्पा विश्वकर्मा एवं दीपिका नेगी कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

# योगी सेना ने ध्वज यात्रा में की सहभागिता

गदरपुर(उद संवाददाता)। बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के समर्थन में निकाली विशाल ध्वज शोभायात्रा में राष्ट्रीय योगी सेना गदरपुर की टीम ने बड़ धूमधाम के साथ शिरकत की। विशाल ध्वज शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम के साथ राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर से प्रारंभ होकर श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में संपन्न हुई। गुजरात प्रांत प्रभारी राष्ट्रीय योगी सेना के राष्ट्रीय महामंत्री सोमानन्द महाराज जी ने ध्वज शोभायात्रा में अपना ओजस्वी संबोधन दिया। ध्वज शोभा यात्रा में शामिल पूरे नगर वासियों को राष्ट्रीय योगी सेना गदरपुर के टीम ने बहुत-बहुत बधाई दी है राष्ट्रीय योगी सेना गदरपुर की टीम ने ध्वज शोभायात्रा में सहभागिता करने वाले सभी लोगों का



आभार व्यक्त व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया है। उक्त ध्वज शोभायात्रा में शामिल होने वाले राष्ट्रीय योगी सेना उत्तराखंड गदरपुर की टीम के नगर अध्यक्ष हैप्पी चंद्रा, महामंत्री हरीश अरोड़ा ,कोषाध्यक्ष महेंद्र सैनी, महामंत्री महेश गुप्ता,ग्राम अध्यक्ष राकेश तोमर और प्रदेश संयोजक निपुण गगनेजा ने बड़े गर्म जोशी के साथ सहभागिता कर ध्वज शोभा यात्रा को सफल बनाया स इस अवसर पर राष्ट्रीय योगी सेना के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बूथ समिति भाजपा की रीढ़: विकल

सितारगंज(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खूब सिंह 'विकल' ने कहा कि बूथ समिति



भाजपा की रीढ़ है। बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही सुदृढ़ होगा। लिहाजा कार्यकर्ता बूथ सशक्तिकरण का काम बेहद ईमानदारी से करें। श्री विकल सोमवार को चिंतीमझरा में शक्तिकेंद्र स्तर पर आयोजित कार्यशाला सम्मेलन को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के पांच बूथों की समिति व उससे जुड़े कार्यकर्ता शामिल रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा बूथ जीता-चुनाव जीता को केंद्र में रखकर कार्य कर रही है। परिणाम स्वरूप आज प्रदेश और केंद्र में भाजपा की बहुमत की सफलतम सरकार है। विकल ने बूथों व पन्ना समितियों को नए सिरे से गठित करने, बूथ पर होने वाले अनिवार्य कार्यों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर भी चर्चा की गई। सम्मेलन को भाजपा नेता सुरेश जैन, आदेश ठाकुर, विशन दत्त जोशी, उमेश कुमार, सुनिता राणा जोशी आदि ने भी संबोधित किया।

# नेत्रदान का संकल्प लेकर मनाया सुखीजा का जन्म दिन

गदरपुर (उद संवाददाता)।भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के जन्मदिन के अवसर पर मित्र सोनू कालरा एवं करन कालरा ने नेत्रदान का संकल्प पत्र भरकर जन्म दिन मनाया। इस अवसर पर सोनू कालरा ने कहा गुंजन सुखीजा बचपन के मित्र हैं और प्रेरणा स्रोत हैं। उनके जन्मदिन के अवसर को कुछ खास अंदाज में मनाने का इच्छा थी और बहुत समय से नेत्रदान करने का अवसर नहीं मिल सराहा था सोचा आज का दिन बहुत खुशी का दिन है और गुंजन सुखीजा के जन्मदिन को यादगार दिन बनाने की लिए क्यों न हम युवाओं को भी एक बड़ा संदेश भी दिया जाए।आज हमारे देश में लाखों लोग कॉर्निया न मिल पाने के कारण अंधकारमय जीवन को जीने को मजबूर हैं यदि हमारे समाज में



लोग मरणोपरांत नेत्रदान की परम्परा को अपनाएंगे तो लाखों लोगों की आंखों को रोशनी मिल सकेंगी। सोचो डिफरेंट संस्था नेत्रदान के क्षेत्र में बहुत मेहनत और लगन से कार्य कर रही है। इस अवसर पर सोचो डिफरेंट संस्था से संदीप चावला,विकास भुसरी,प्रतीक अरोरा,अनुराग मुंजाल,कपिल गंडा, डा सोनू विश्वास,लवली हुड़िया,भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश खुराना,परमजीत पम्मा, राहुल अनेजा, समन मुंजाल आदि उपस्थित थे।

# काशीपुर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## चार युवक व दो युवतियां आपत्तिजनक हालत में पकड़ी गई, लंबे समय से चल रहा था अनैतिक धंधा

काशीपुर(उद संवाददाता)। मौहल्ला टांडा उज्जैन में बीती शाम पकड़ में आये सैक्स रैकेट की जानकारी पुलिस को लंबे समय से मिल रही थी। सारी सूचनाएं एकत्र कर रूद्रपुर से एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम प्रभारी बसंती आर्य के नेतृत्व में पुलिस व एसओजी ने शाम मौके पर धावा बोल दिया। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम प्रभारी बसंती आर्य ने बताया कि टीम को मुखबिर ने बताया कि टाण्डा उज्जैन चौराहा के पास स्थित महामाया मेडिकल स्टोर के बगल मे एक महिला काफी समय से किराये पर अकेले रहती है। जो मकान में अनैतिक कार्य करती व कराती है तथा उसके घर में अक्सर बाहर से अनजान युवक आते जाते रहते है । कुछ समय पहले ही कुछ युवक उस महिला के घर मे आये हुये है । बाहर के युवक व युवतियो का उसके घर में टाईम बेटाईम आना जाना लगा रहता है। इस पर टीम मुखबिर को सरकारी वाहन में साथ लेकर मौके पर पहुंची और उसके द्वारा बताए गए मकान में छापा मारा। थोड़ी देर बाद वहां सी ओ वंदना वर्मा भी स्थानीय पुलिस बल लेकर पहुंच गई। मौके पर मोहल्ले के कुछ लोगों को साथ लेकर घर के दोनो गेट घेरकर अन्दर प्रवेश किया और गेट से अन्दर प्रवेश करते ही उपर छत को जाने वाली सीढियों में एक युवक व युवती आपस मे बाते करते हुये पाये गये और हम पुलिस टीम को देखकर सीढ़ियों से उपर छत को भागने लगे जिन्हें पुलिस कर्मियो ने पकड़ लिया। पकडे गये युवक व युवती से नाम पता पूछते हुये भागने का कारण पूछा तो युवती के द्वारा अपना नाम चांदनी उर्फ डिम्पल पत्नी नरेश निवासी सरवरखेडा प्राइमरी स्कूल के पास कुण्डा उम्र करीब 26 वर्ष तथा युवक के द्वारा अपना नाम मुकेश यादव पुत्र रामसुरेश यादव निवासी बी 112 गली नम्बर 24 महावीर एनक्लेव पार्ट 02 उत्तमनगर, पश्चिम दिल्ली हाल निवासी मुकेश के मकान में किरायेदार निकट सीएनजी पैट्रोल पम्प के पास चुंगी ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उम्र करीब 23 वर्ष बताते हुये एक स्वर मे



बताया कि कमरे के अन्दर कुछ ग्राहको को गलत काम करने के लिये भेजा है तथा हम दोनो यहां पर से यहा पर से रोड की निगरानी व ग्राहको के आने का इन्तजार कर रहे है। पुलिस को पूछताछ मे बताया कि वह प्रति ग्राहक 1500 रुपये से लेकर 3000 रूपये तक लेते है। जिन्हे आपस में बांट लेते है। बन्द कमरों की तलाशी करवाने में वह लोग आनाकानी करने लगे। तब सख्ती बरतने पर से उन लोगों ने अपनी भाषा मे आवाज देकर पहले कमरे का दरवाजा खुलवाया ।दरवाजा खुलते ही पुलिस टीम जब कमरे में घुसी तो पाया कि एक युवती अर्धनग्न अवस्था तथा उसके पास में दो युवक नग्न अवस्था में लेटे हुये है। पुलिस टीम को देखकर सभी एकदम से सकपका कर बैड पर पड़ी चादर को खीचकर स्वयं को ढकने लगे । एक युवक दरवाजा भागने का प्रयास करने लगा जिसे एस एस आई प्रदीप मिश्रा व उ०नि० ललित बिष्ट के द्वारा मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस को आरोपियों ने अपने नाम दीपमाला यादव पत्नी राममनोरथ यादव निवासी बी 112 गली नम्बर 24 महावीर इनक्लेव पार्ट 02 उत्तमनगर, पश्चिम दिल्ली हाल निवासी मुकेश का मकान, सतेन्द्र कुमार सत्यम पुत्र उमेश सिंह निवासी फरीदनगर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उम्र करीब 30 वर्ष (आटो चालक) व हेमन्त कुमार पुत्र शौकीन सिंह निवासी नई कालोनी कालागढ पौढ़ी गढवाल उम्र करीब 40 वर्ष तथा दूसरे ने अपना नाम धीर सिंह पुत्र मेघराज सिंह निवासी नई कालोनी कालागढ पौढी गढवाल उम्र करीब 32 वर्ष बताया।उन्होंने बताया कि चांदनी उर्फ डिम्पल से हमारी पुरानी पहचान है। हम डिम्पल को फोन करके बता देते है। और वह हमारे लिये लडकियों की व्यवस्था अपने ही घर में करवा देती है। बदले में हम उसे तय की गयी धनराशि दे देते है। युवती के द्वारा बताया गया कि मुकेश यादव मेरा देवर लगता है। डिम्पल तथा मेरा देवर मुकेश यादव दोनो मिलकर ग्राहक लाते है। जो रूपया मिलता है उसको आपस में बांट लेते है ।आज तीन ग्राहक इकटठे आ गये थे और कोई और लड़की ना होने के कारण मे ही तीनो ग्राहकों के साथ कमरे मे चली गयी थी । मकान मे बने अन्य दो कमरों को चौक किया गया कमरो मे केवल घरेलू सामान पाया गया।पुलिस को तलाशी के दौरान कमरे से प्रयोग किये हुये क्रीम कलर के 06 कण्डोम तथा बेड के गददे के नीचे से बिना प्रयोग के 09 कण्डोम पाये गये । आरोपियों के विरुद्ध अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 की धारा 3/4/5/6/7/8 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## श्रद्धालुओं के जत्थे ने मां नैना देवी के किए दर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री दुर्गा ज्योति मंदिर सुख शांति नगर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां नैना देवी के पावन धाम के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने मां नैना देवी के दर्शन किये और सर्वत्र सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बता दें कि बीती



11 मार्च को गदरपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सुख शांति नगर स्थित श्री दुर्गा ज्योति मंदिर की माता जी कैलाश देवी के सानिध्य में श्रद्धालुओं की एक बस मां वैष्णो देवी के पावन धाम के दर्शनों को निकली थी जो विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शनों के उपरांत माने ना देवी मंदिर पहुंची। श्रद्धालुओं ने मां नैना देवी के दर्शन किए और अपनी अगली यात्रा की ओर प्रस्थान किया। श्रद्धालुओं के जत्थे में माता कैलाश रानी, पंडित राजकुमार वशिष्ठ, पंडित अनिल शर्मा, तुषार खुराना, आकाश पोपली, नरेश छाबड़ा, गोपाल पोपली, मोहित सक्सेना, प्रेम ग्रोवर, चिमनलाल खेड़ा, अर्जुन सक्सेना, लव खेड़ा, ध्रुव खेड़ा, साक्षी खुराना, ऊमान्शी अरोरा, नीतू खेड़ा, रचना खेड़ा आदि मौजूद थे।

## बूथ को मजबूत बनाने पर की चर्चा

खटीमा(उद संवाददाता)। विधनसभा के तीनों मंडलों की बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक टनकपुर रोड स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कमल जिंदल एवम संचालन जिला मंत्री किशोर जोशी ने किया। बैठक में संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने भारतीय जानता पार्टी की सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा की युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वार नकल विरोधी कानून लागू करने को सरकार की सबसे बडी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों की सरकारें भी उत्तराखंड में लागू नकल विरोधी कानून अपने राज्यों में लागू करना चाहती है उत्तराखंड सरकार ने सबसे पहले नकल विरोधी कानून लागू कर देश के





सभी राज्यों की सरकारों को अपने अपने राज्यों में ऐसे ही सख्त कानून लागू कराने का मार्ग प्रशस्त किया है। जिला प्रभारी पुष्कर कला ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत कराने एवम पार्टी के प्रति दुष्प्रचार करने वाले विरोधियों का जोरदार तरीके से जवाब देने एवम सरकार द्वारा जन हित में जो योजनाएं चलाई जा रही है उनका लाभ जानता तक पुहेचे इसके लिए प्रयास कराने को कहा। बैठक में जिला महामंत्री सतीश गोयल खटीमा प्रभारी विवेक राय, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, संजय पिलखवाल, विक्रम भट्ट, सोमनाथ मौर्या, रमेश चंद्र जोशी, राजपाल सिंह, नंदन सिंह, रिंकू सिंह, भुवन जोशी, पुष्कर बिष्ट, राहुल चौहान, नीलू गुप्ता, नवल वाल्मीकि, जावेद रिजवी, अनुपम शर्मा, गौरव सोनकर, जय किशन भारती, नीता सक्सेना, धना भंडारी, मनोज चुफाल, सुरेश जीना, राहुल सक्सेना, दीपक तिवारी, गणेशतदत्त चौसाली, ह्रदय प्रसाद आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**ताली थाली बजाकर..**सिंह, सुशील गावा, नरेंद्र चावला, सुनील प्रजापति, केशव नारंग, करमजीत सिंह, अमरदीप सिंह, राजू जोशी, इस्लाम मियां, हरीश जोशी, जगवीर सिंह, रवि गुलाटी, गगन कालरा, प्रशांत, ललित मेहता, नेहरू मार्केट( समोसा मार्केट) के जसवीर सिंह, अब्दुल रहमान, महेंद्र सिंह ,चिरौंजी लाल, प्रवेश सलमानी, प्यारेलाल मदान, सोहनलाल मदान, देवेंद्र बोरा, केदार प्रसाद, कलीम खान ,श्यामसुंदर तिवारी ,महेंद्र पाल, भगवानदास , जुल्फीकार, राजीव जलहोत्रा, बृजेश गुप्ता, मोहनलाल, अनिल चौहान , दीपिका बत्रा, सोहेल खान, देवेंद्र सिंह, राधेश्याम गुप्ता, बिट्टू चौधरी ,भोला, विजय कुमार गुप्ता, किशन गुप्ता, गणपत नारंग, राजेंद्र जुनेजा, सुभाष मालाकार, महेंद्र पाल, भगवानदास, भास्कर तिवारी, नरेश पाल आदि सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद थे।

**सदन में हंगामा काटने पर...**विधायकों को आज की कार्रवाई के लिए निलंबित कर दिया। इससे पूर्व कांग्रेस विधायकों ने गन्ना हाथों में लेकर विधनसभा गेट पर प्रदर्शन किया। गन्ना लेकर अंदर जाने की कोशिश कर रहे कांग्रेस विधायकों को पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोक लिया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सदन में काम रोको प्रस्ताव के तहत भर्ती घोटाला और गन्ना मूल्य बढ़ाए जाने की मांग का मुद्दा उठाएंगे।

**एसंदिग्ध हालातों में ...**धमकी देने के बाद फोन बंद होने पर युवती रात को ही अपने परिजनों के साथ युवक के घर गयी थी, जहां पर उसने युवक के परिजनों को पूरी बात की जानकारी दी। परिजनों ने युवक को बिस्तर से उठाया तो पता चला की वह मृत था। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत कैसे हुई है इसकी पुष्टि होगी।

**वन विभाग ने वाहन...** वाहन को और अधिक गति से हल्द्वानी की ओर भगा ले गया। जिस पर टीम ने उक्त् वाहन का पीछा किया। वाहन चालक द्वारा अपने को घिरा देख हल्द्वानी से रूद्रपुर मार्ग पर देवलचौड़ के पास रोड के किनारे वाहन उक्त को खड़ा करते हुए गाड़ी से कूदकर भाग गया। टीम द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में तारपीन तेल के 3 ड्रम, वार्निश के 35 ड्रम व बिरौजा के 17 ड्रम कुल 55 ड्रम बड़े-छोटे (लोहे व प्लास्टिक के) जो लगभग भरे थे बारामद किए। वाहन में रखे वन उपज से सम्बन्धित कोई भी वैध प्रपत्र नहीं पायें गये। टीम ने मामले की रैपर दर्ज कर बरामद ड्रम कब्जे में लेकर वाहन सीज कर दिया। टीम में प्रभारी वन सुरक्षा दल प्रमोद सिंह बिष्ट, पंकज शर्मा, उपराजिक गौला रेंज, मनोज तिवाड़ी, दीप चन्द्र आर्या, वन दरोगा, भुवन चन्द्र तिवाड़ी, ललित सिंह बिष्ट, देवेन्द्र सिंह मेहरा, वन आरक्षी व चन्दन सिंह वाहन चालक शामिल थे।

**वीरांगना की हत्या...**मृतका के पूर्व सैनिक पुत्र मोहन चंद के मुताबिक, उसकी मां के गले, कान और नाक में करीब चार तोला सोने के आभूषण थे, जो गायब हैं। सीओ अविनाश ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है और उसी एंगल से जांच की जा रही है। मृतका के कान में कुंडल नोंचे जाने के निशान हैं। पुलिस जांच में जुटी है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**नेपाली मजदूरों को...**का ही निवासी था और नेपाली भाषा में बात कर रहा था ने उसे और उसके दोस्त पुणे रावत को हल्द्वानी से नेपाल जाते समय हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन के पास ही कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। नशा होने पर ऑटो रिक्शा में बिठाकर हल्दूचौड क्षेत्र के मोटाहल्दू के आस-पास उनको उतारकर बेहोश होने के बाद उनकी जेब से कुल 13,500रुपए तथा एक मोबाइल लूट लिया।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआं, डीआर वर्मा और वरिष्ठ उप निरीक्षक हरेंद्र नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही कई लोगों से पूछताछ की। जिसके बाद अभियुक्त हेमराज सिंह पुत्र बल बहादुर सिंह निवासी ग्राम महावे जिला दैलेख नेपाल लूटे गये 9,500 मोबाइल के साथ बनभूलपुरा से रेलवे स्टेशन हल्द्वानी की ओर जाने वाली पटरी पर गिरफ्तार कर लिया। अनावरण करने वाली पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 2500 रूपये का ईनाम देने की घोषणा की है। टीम में उपनिरीक्षक सोमेंद्र सिंह,कॉन्स्टेबल चंद्रशेखर,आनंदपुरी, प्रदीप और अनिल शर्मा आदि शामिल थे।

**ट्रक और कार...**गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भवाली उमेश कुमार मलिक में नेतृत्व में चौकी प्रभारी खैरना दिलीप कुमार एवं भवाली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर तुरंत रेस्क्यू कर नजदीकी भवाली अस्पताल पहुंचा कर सकुशल बचाया गया। साथ ही दुर्घटना स्थल के पास यातायात व्यवस्था को सुचारू किया गया।

**गुलदार की खल..** खाल पांच से छह माह पुरानी बताई जा रही है। टीम में एसआइ जगवीर सिंह, वन दारोगा नवीन सिंह मेहरा, विनोद कुमार जोशी, कांस्टेबल त्रिलोक सिंह, वन आरक्षी शिव कुमार आदि मौजूद रहे।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम संजीता अग्रवाल (SANJEETA AGARWAL) से बदलकर संजीता अग्रवाल (SANJITA AGARWAL) कर लिया है। भविष्य में मुझे संजीता अग्रवाल पत्नी श्री मदन लाल अग्रवाल (SANJITA AGARWAL W/o MADAN LAL AGARWAL)के नाम से जाना पहचाना जाये।

**वर्तमान पता**-बजरंग इण्डस्ट्रीज, नानकमत्ता उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड 262311 है।


## अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी

काशीपुर(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा अपनी मांगों को लेकर चलाया जा रहा धरना प्रदर्शन मंगलवार को 31 वे दिन भी लगातार जारी रहा। अधिवक्ताओं ने साफ कहा कि यदि आप भी उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया तो आंदोलन को इस कदर उग्र किया जाएगा कि इसकी आवाज विधनसभा में भी गूंजेगी। धरना प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा की अगर सर्किल रेट तथा 210 एलआर एक्ट की मांगे पूरी नहीं हुई तो अधिवक्ता जनमानस को साथ लेकर सड़कों पर उतरेंगे तथा बाजार बंद करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि शासन व प्रशासन द्वारा बढ़े हुए सर्किल रेट तथा 210 एलआर एक्ट की फाइलें काशीपुर वापस ट्रांसफर करने के संबंध में की जा रही मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अधिवक्ता समाज जनमानस के सहयोग से विगत 31दिनों से लगातार तहसील, रजिस्ट्रार ऑफिस तथा एसडीएम कोर्ट के कामों से विरक्त है फिर भी शासन तथा प्रशासन आंखे मूंदे हुए है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में काशीपुर बार एसोसिएशन के प्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी , धर्मेंद्र तुली,नीरज खुराना ,नरेश खुराना ,रोहित, अरोरा , मोहम्मद कासिम ,अमन राणा, गौरव राजपूत, जितेंद्र कुमार, अलीम खान ,अजय गंभीर , नूर अहमद ,नीरज चौहान, वीरेंद्र चौहान,सतीश प्रजापति आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## श्रद्धा के साथ मनाया सक्रांति पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट में सक्रांति पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया गया। जिसमें कथा वाचक सरदार दर्शन सिंह ने सक्रांति पर्व की महिमा का गुणगान किया। रागी जत्था भाई गुरूजीत सिंह ने शब्द कीर्तन किया इसके बाद लंगर का प्रसाद वितरित किया गया। सरपरस्त इन्द्रजीत सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर नेश कुमार सेठ, गुरीमत सिंह चुघ, जसवीर सिंह सिक्का, जोगेन्द्र सिंह मोंगा, किशन खुराना, बलवीर सिंह कामरा, वेद प्रकाश कामरा, नरेन्द्र सिंह घई, महेन्द्र सिंह असीजा, हरवीर सिंह, गुरूजीत सिंह, हरि सिंह ग्रोवर, मान सिंह ग्रोवर, मंगत सिंह खुराना, धर्मेन्द्र सिंह बठला आदि मौजूद रहे।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# लूटी गई बाईक व मोबाइल समेत तीन लुटेरे गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बीते दिनों बाईक सवार व्यक्ति से मारपीट कर उसकी मोटर साईकिल व मोबाईल की घटना को अंजाम देने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने बाईक व मोबाईल



सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 12 मार्च को गौरव पाण्डे पुत्र स्व. नवीन चन्द्र पाण्डे निवासी बद्रीपुरा तल्ला गोरखपुर द्वारा कोतवाली में रपट दर्ज कराई गई कि 3 व्यक्तियों द्वारा उनके साथ मारपीट गाली गलौज कर उसकी मोटर साईकिल संख्या यूके 04 ए एच 4968 व मोबाईल छीनकर ले गए हैं। पुलिस ने रपट दर्ज कर मामले की विवेचना उनि धर्मेन्द्र कुमार को सौंपी। मामले के खुलासे के लिए हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो की सहायता से उक्त घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों को एफटीआई गेट के आगे गांधी स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता विराट कपकोटी पुत्र जीवन सिंह कपकोटी निवासी तीनपानी बरेली रोड, आराध्या रावत पुत्री स्व. राजेन्द्र सिहं निवासी गली नबर 2 आदर्श नगर मुखानी तथा अभय ढैला पुत्र शिव राज सिंह निवासी न्यू आईटीआई रामपुर रोड बताया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटे गये मोबाईल व मोटर साईकिल बरामद कर लिया।पूछताछ में उन्होंने बताया कि अराध्या रावत का मोबाईल फोन 9 मार्च को गौरव के घर से चोरी होने और गौरव पर मोबाईल फोन चोरी करने का शक था। जिसके बाद उन्होंने 12 मार्च को योजना बनाकर गौरव के साथ मारपीट कर उसकी मोटर साईकिल व मोबाईल लूट लिया एवं मारपीट के दौरान मोबाईल फोन से विडियों बनाई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हरेन्द्र चौधरी- प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली, वउनि विजय मेहता, वउनि महेन्द्र प्रसाद, उनि धर्मेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी हीरानगर, कानि. पूरन सिंह, ललित नाथ व भगवान सिंह सैलाल शामिल थे।

# बेस्ट बाई मार्ट का हुआ शुभारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)। सकैनिया रोड के निकट राजकीय इण्टर कालेज के सामने नगर में एक मात्र बेस्ट बाई मार्ट का शुभारम्भ बड़े धूमधाम के साथ किया गया। मार्ट का शुभारम्भ गदरपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष जय किशन अरोरा एवं धर्मपत्नी श्रीमती





अराधना अरोरा द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान मार्ट स्वामी सागर अरोरा ने बताया यहां पर लोगों होल सैल एवं रिटेल पर घरेलू सामान एवं हर प्रकार के गिफ्ट आईटम उचित मूल्य पर मिल सकेंगे। इसके अतिरिक्त बुडन, फर्नीचर, एन्टीक आईटम, गैस चुल्हे, चिमनी, अलमारी आदि भी उचित मूल्य पर उपलब्ध है। इस मौके पर मनीष अरोरा, सागर अरोरा, पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस, भारतीय स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर राजेश कुमार, राईस मिलर्स अध्यक्ष अनिल कुमार भुसरी, पंकज बजाज, दिनेश गोयल, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, धर्म चन्द्र खेड़ा, केवल अरोरा, महेश मुरादिया, अजय खेड़ा, वकुल अरोरा, विजय सुखीजा, टीकम खेड़ा, सुभाष बेहड़, श्याम लाल सुखीजा, पंकज बजाज, चिकित्साधिकारी डा. अंजनी कुमार, रमेश आहुजा, सतीश बठला, सुरेश पपनेजा, अमरजीत सिंह, महेन्द्र सिंह, सतीश बत्रा, सुरजीत बत्रा, कृष्ण लाल बत्रा, राजेश डाबर, विनोद कुमार भुसरी, मनोज डाबर, रमेश लाल आहूजा, नरेन्द्र सिंह ग्रोवर, तारिक उत्ला खां, राजकुमार भुड्डी, कृष्ण लाल सुध ा, वेद भगत, संजीव अरोरा, दर्शन लाल फुटेला, धर्मा कक्कड़, परमिन्दर सिंह बत्रा, डिम्पल आहूजा, संतोष गुप्ता, लेखराज नागपाल, अजीत कुमार भुसरी, अशोक कुमार हुडिघ्या, सिद्धार्थ भुसरी, मनोज गुम्बर, अशोक बत्रा, नवीन सुखीजा, बल्देव ढींगरा, ओम प्रकाश बजाज, अनिल नारंग, भीम ठुकाराल, विनोद चुघ, राहित सुदामा, संदीप बत्रा, राकेश गुम्बर, इन्दपाल सिंह संधू, विकास तनेजा, नितिन छाबड़ा जितेंद्र पाल बजाज संजय खेड़ा प्रमोद बजाज सतीश भुड्डी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड का त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न

## डीपी यादव-प्रधान, चन्द्र प्रकाश मंत्री व नारायण दत्त पंचाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर्य समाज मन्दिर कोटद्वार में आयोजित चुनावी सभा में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा मनोनीत पर्यवेक्षक कृपाल सिंह आर्य की उपस्थिति में आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड (पंजी) के त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। जिसमे डीपी यादव को प्रधान; चन्द्र प्रकाश को मंत्री सिंह आर्य वरिष्ठ उप मंत्री, शंकर सिंह क्षेत्री, मयंक गुप्ता एवं प्रदीप शाह उप-मंत्री, संदीप यादव सह कोषाध्यक्ष, योगेंद्र मेधावी आर्यवीर दल अधिष्ठाता, वालिआ, चन्द्र प्रकाश आर्य को अन्तरंग सभा के सदस्य, दयानन्द तिवारी, प्रमोद गोयल एवं प्रवीण वैदिक को पदेन निवर्तमान पदाधिकारी के रूप में तथा



तथा नारायण दत्त पंचाल को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्ष के लिए चुना गया। इसके अतिरिक्त डॉ विनय खुल्लर वरिष्ठ उप-प्रधान, सुधीर गुलाटी, महेन्द्र आहूजा एवं आनन्द प्रकाश अग्रवाल उप-प्रधान, मनमोहन विभु ग्रोवर सह अधिष्ठाता आर्य वीर दल, श्रीमती संगीता चड्ढा पुस्तकाध्यक्ष, नरेन्द्र लाल सह-पुस्तकाध्यक्ष, पृथ्वीराज आर्य लेखा निरीक्षक, तथा डॉ विनय विद्यालंकार, विजय सिंह वर्मा, श्रीमती स्नेहलता खट्टर, श्रीमती सोनिका



जिला सभाओं के प्रतिनिधि के रूप में सत्य पाल आनन्द, डॉ. श्याम सिंह एवं सुखदेव शास्त्री निर्वाचित किया गया। निवर्तमान प्रधान दयानन्द तिवारी ने विगत सत्र के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए सभी सभासदों, उत्तराखंड की समाजों व अन्य आर्य संस्थाओं के पदाधिकारियों/ सदस्यों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद प्रकट किया। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली द्वारा मनोनीत पर्यवेक्षक कृपाल सिंह द्वारा नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियो को आर्य समाज एवं वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार एवं महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के संकल्प कृण्वन्तो विश्वमार्यम की पूर्ती के लिए कार्य करने की शपथ दिलवाई गई।

# वैष्णो देवी मंदिर आदर्श कालोनी से निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भाँति इस वर्ष श्री वैष्णो देवी मंदिर (पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी जी के स्थान) आदर्श कालोनी में मां हंसेश्वरी भारती महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्वामी नारायण चेतन्य जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का शुभारम्भ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया द्य भव्य कलश यात्रा गत सायं वैष्णो देवी मंदिर आदर्श कालोनी से आरम्भ होकर विभिन्न मार्गों पर से होकर गुजरती हुई अग्रवाल धर्मशाला से होकर पांच मंदिर पहुँची। जहाँ सभी महिलाओं ने कलश में जल धारण किया और भजन कीर्तन किया। पाँच मंदिर पहुँचने पर सनातन धर्म सभा के सभी पदाधिकारियो द्वारा कलश यात्रा का भव्य स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। उसके उपरान्त कलश यात्रा पाँच मंदिर से चलकर मुख्य बाजार होते हुए दुर्गा मन्दिर से होकर पुनः वापिस देवी मंदिर आदर्श कालोनी पहुँची। शहर में कई स्थानो पर कलश यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कलश





भाषा में वैष्णो भजन मण्डल के महंत श्री हुआ तथा प्रसाद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, श्याम खुराना, भजन प्रकाश अरोरा, अरविंद मिश्रा, राजेश आनंन्द, राजीव ग्रोवर, प्रेमप्रकाश कक्के, दीपक कक्के, अशोक घई, नीटू घई, लक्ष्य शर्मा, जुगनू अरोरा, आशिक घई, विजय बंसल, अरोरा, हरीश अरोरा, जगदीश अरोरा, सतनाम सिंह पप्पू, जीतू अरोरा, सचिन मुंजाल, बैष्णों भजन मण्डल की महिला सत्संग सभा की महिला सुनीता अरोरा, निर्मला आनंद, आशा अरोरा, प्रीती ग्रोवर, जया आनन्द, निशा व कंचन सहित कई महिलाओं ने कलश भाषा में भजन कीर्तन किये।



# काश..किच्छा रोड से गुजरते जी 20 के मेहमान !

## कूड़े का पहाड़ हो जाता साफ,जनता देती दुआयें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रामनगर में प्रस्तावित जी 20 सम्मेलन शामिल होने आ रहे विदेशी मेहमान काश किच्छा रोड से होकर गुजरे। यह बात यहां किच्छा रोड पर रहने वाले और यहां से गुजरने वाले लोगों की जुबान पर छाई हुई है। उनका कहना है कि विदेशी मेहमानों के स्वागत में सारा प्रशासनिक अमला पंतनगर से रामनगर तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण हटाकर सौंदर्यीय करण के कार्य में जुटा हुआ है। यदि विदेशी मेहमान किच्छा मार्ग से होकर गुजरते तो निश्चित रूप से प्रशासनिक अमला दिन-रात जुट कर मुक्तिधाम के समीप कूड़े के विशाल पहाड़ को साफ करने में लग जाते और कुछ ही दिनों में यह कूड़े का पहाड़ समतल मैदान के रूप में दिखाई देता। उनका कहना है कि कूड़े का पहाड़ समाप्त होने से यहां से गुजरने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना नहीं करना पड़ता। साथ ही इस कूड़े के पहाड़ के इर्द-गिर्द रहने वाले हजारों लोगों को भी इससे निजात मिलती। इस कूड़े के पहाड़ को समाप्त करने के लिए पिछले कई वर्षों से प्रशासनिक अमला व नगर निगम अधिकारी कई बार बैठकों के रूप में प्रयास कर चुके हैं। लेकिन इसका कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। कूड़े के पहाड़ को कम करने के लिए नगर निगम द्वारा आदित्य नाथ झा कॉलेज के पीछे लीज की भूमि लेकर कार्य योजना भी तैयार की गई लेकिन वह भी पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर सकी। निगम प्रशासन द्वारा कूड़े के पहाड़ में ही कूड़ा निस्तारण के लिए एक संस्था को ठेका दिया गया। लेकिन कूड़े का पहाड़ कम होने का नाम नहीं ले रहा।वी स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कूड़े का पहाड़ देवभूमि के लिए एक कलंक के समान है। जिसे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ ही तमाम प्रशासनिक एवं



विभागीय अधिकारी पिछले कई दशकों से देखते आ रहे हैं। लेकिन इसका स्थाई समाधान किसी ने नहीं खोजा। अब नगर वासियों की नजर विदेशी मेहमानों पर टिकी है काश वह किच्छा मार्ग से होकर दिल्ली को प्रस्थान करें। लेकिन यह तभी संभव है जब विदेशी मेहमानों के जाने के दौरान मौसम तेजी से बिगड़ जाए और प्रशासनिक अधिकारियों को मेहमानों को किच्छा मार्ग से बरेली रवाना करने को बाध्य होना पड़े। जहां से वह वायुयान से दिल्ली जा सकें लगता है यह कूड़े का पहाड़ महानगर के लिए एक स्थाई समस्या का रूप ले चुका है। इसका समाधान अब सिर्फ एक व्यक्ति ही करवा सकता है और वह सम्मानित व्यक्ति है देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। यह बात इसलिए कही जा रही है क्योंकि प्रधानमंत्री श्री मोदी का किच्छा मार्ग पर से रोड़ शो करते गुजरना ही इस समस्या का समाधान है।